हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 16 जुलाई 2026



### बोरतलाव के गांधीनगर क्षेत्र का मामला

## हादसा:खेत में बने तालाब में डूबे 3 बच्चों की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला अंतर्गत डोंगरगढ़ के बोरतालाब क्षेत्र से एक बेहद दुखद और दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां खेत समतलीकरण के दौरान बने एक गहरे गड्ढे में भरे पानी में डूबने से तीन मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना के बाद से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और पीड़ित परिवारों का रो रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि घटना में मरने वाले बालकों में दो सगे भाई भी शामिल हैं।

मिली जानकारी के अनुसार बोरतालाब क्षेत्र के एक खेत में कुछ दिनों पहले समतलीकरण का कार्य किया गया था। पिछले कुछ दिनों में हुई बारिश के कारण इस गड्ढे में काफी मात्रा में पानी जमा हो गया था। गांव के तीन मासूम बच्चे खेलते खेलते इस खेत की तरफ चले गए। बच्चों को इस बात का अंदाजा नहीं था कि पानी से भरा यह गड्ढा उनके लिए काल बन जाएगा। खेलते समय अचानक तीनों बच्चे गहरे पानी की चपेट में आ गए और एक दूसरे को बचाने के चक्कर में तीनों ही उसमें डूब गए।



### गांव में पसरा सन्नाटा

इस भयावह हादसे ने पूरे बोरतालाब के गांधीनगर को झकझोर कर रख दिया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मर्ग कायम कर तीनों बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना में मरने वाले तीन बच्चों की उम्र 5 से 10 साल के मध्य बताई गई। जिनमें दो सगे भाई भी शामिल हैं।

### रात के अंधेरे में चला रेस्क्यू ऑपरेशन

जब काफी देर तक बच्चे अपने घर नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता होने लगी। ग्रामीणों ने बच्चों की तलाश शुरू की। खोजबीन करते हुए जब कुछ लोग खेत की तरफ पहुंचे तो उन्हें गड्ढे के पास बच्चों के कपड़े और चप्पलें दिखाई दी। इसके बाद अनहोनी की आशंका के चलते तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचना दी गई। रात का अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों और स्थानीय प्रशासन की टीम ने भारी मशक्कत के बीच टॉर्च और मोबाइल की रोशनी में पानी से तीनों मासूम बच्चों के शवों को बाहर निकाला। बच्चों के शव देखते ही मौके पर चीख पुकार मच गई।

## पेट्रोल-डीजल की दरों में बढ़ोतरी के साथ मौसम का असर... आसमान पर पहुंचे सब्जियों के दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

लगभग दो महीनों में सब्जियों के दामों में तेजी आई है। पहले ही रसोई गैस के बढ़े दामों की वजह से रसोई का बजट बिगड़ा हुआ है। ऐसे में अब सब्जियों के दामों में लगभग दोगुना इजाफा देखने को मिल रहा है। जिसके चलते मध्यमवर्गीय परिवारों में रसोई का खर्च बढ़ा हुआ है। गैस सिलेंडर 1025 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं सब्जियों के दाम भी आसमान छू रहे हैं। महंगाई की वजह से कई सब्जियां आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही है। 6 से 7 लोगों के परिवार में तो सब्जियों का ही खर्च दोगुना हो गया है।

शहर के मंडी में ज्यादातर सब्जियां आसपास के गांव और महाराष्ट्र से पहुंचती है। लोकल बाड़ी से मौसम के चलते सब्जियों की आवक कम है। ऐसे में बाहर से आ रही सब्जियां पेट्रोल और डीजल की वजह से महंगी बिक रही है। जिसके साथ लोकल बाड़ी की सब्जियों का रेट भी बढ़ा दिया गया है।

बिगड़ा बजट, दो सौ रुपए किलो बिक रहा धनिया, बाकी सब्जियां भी महंगी



### बीस से तीस रुपए बढ़े दाम

लगभग दो माह पूर्व 50 से 60 रुपए किलो मिलने वाली सब्जियां 80 रुपए किलो पर पहुंच गई है। सब्जियों के बढ़े दामों की बात की जाए तो शहर के मुख्य गोल बाजार में रविवार को भिंडी 80 रुपए किलो, करेला 80, भांटा 60, लौकी 20, आलू 20-25, टमाटर 20, बरबट्टी 20, कुंदरू 40, फूलगोभी 80, कटहल 60, खीरा 40 रुपए किलो बिका।

## खाद्य विभाग की गैस एजेंसी में दबिश,420 सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला खाद्य विभाग की टीम ने गैस एजेंसी में औचक निरीक्षण कर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। जांच के दौरान नियमों में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर टीम ने मौके से भारी मात्रा में रसोई गैस सिलेंडरों को जब्त किया है। विशेष जांच टीम ने जब एजेंसी के गोदाम और स्टॉक का मिलान किया।

रिकॉर्ड में भारी गड़बड़ी के अलावा मौके पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी भी मिली। जिसके बाद विभाग ने घरेलू गैस सिलेंडर भरे हुए 175 नग, व्यावसायिक गैस सिलेंडर भरे हुए 13 नग सहित घरेलू एवं व्यावसायिक खाली सिलेंडर 420 नग जब्त किया। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर खाद्य विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से भंडारित सिलेंडरों को जब्त कर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रकरण तैयार कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग, कालाबाजारी, अवैध भंडारण के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपभोक्ताओं के अधिकारों और सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाली एजेंसियों के खिलाफ आगे भी इस प्रकार की औचक जांच व सख्त कानूनी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।













## खबर संक्षेप

### डुमरिया के युवा शामिल हुए भाजपा में



**सड़क अतरिया।** भाजपा की नीतियों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हो रहे विकास से प्रभावित होकर ग्राम डुमरिया के करीब दर्जन भर युवाओं ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह की उपस्थिति में सदस्यता ग्रहण किया। नर्मदा मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष बालकृष्ण जंघेल के नेतृत्व में इन युवाओं ने राष्ट्र निर्माण की विचारधारा के साथ जुड़ने का संकल्प लिया। श्री सिंह ने युवाओं को भाजपा का गमछा पहनाकर एवं मिठाई खिलाते हुए स्वागत किया।

### आज निकलेगी जगन्नाथ की रथयात्रा



**डोंगरगढ़।** श्री महावीर मंदिर के महंत साकेत बिहारी दास ने नगरवासियों से कल 16 जुलाई को निकलने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि यह रथ यात्रा वर्षों से चली आ रही धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपरा का प्रतीक है, जिसमें शामिल होकर श्रद्धालु महाप्रभु श्री जगन्नाथ के दर्शन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि महाप्रभु जगन्नाथ अपने ज्येष्ठ भ्राता बलभद्र एवं भगिनी सुभद्रा के साथ रथ पर आरूढ़ होकर नगर भ्रमण करेंगे। रथ यात्रा कल 16 जुलाई को दोपहर 12 बजे महावीर मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगी।

### सर्वे के लिए टीम गठन का आदेश जारी



**डोंगरगढ़।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत आवासहीन एवं जरूरत मंद हितग्राहियों के सर्वे को लेकर राहत भरी खबर सामने आई है। नगरीय निकाय क्षेत्र में सर्वे में देरी और हितग्राहियों की परेशानियों को देखते हुए जिला प्रशासन ने सर्वे टीम के गठन का आदेश जारी किया है। पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष रामकृष्ण कन्नौजिया ने बताया कि आवास योजना से वंचित परिवारों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में नगर में शीघ्र सर्वे कराकर पात्र आवासहीन परिवारों को योजना का लाभ दिलाने की मांग की गई थी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने सर्वे टीम के गठन का आदेश जारी कर दिया है जो एक सकारात्मक पहल है।

### नाली में जमा हो रही गंदगी



**सड़क अतरिया।** ग्राम बेलगांव के ग्रामीण नाली में गंदगी जाम होने से परेशान हैं। सड़क के किनारे एवं मोहल्ले में पंचायत द्वारा नाली निर्माण कराया गया है। लंबे समय से सफाई नहीं होने से नाली में कूडा कचरा जाम हो गया है। गांव के महेन्द्र जंघेल, लिखन जंघेल ने बताया कि नाली कचरा से भर गई है। बरसाती पानी भी जगह जगह जाम हो गया है। कचरा सड़ने से बदबू फैल रही है। ग्रामीणों ने नाली सफाई कराने की मांग की हैं। सरपंच प्रकाश जंघेल ने शीघ्र सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने का आश्वासन दिया है। गांव में पेयजल समस्या है। नलजल योजना कई वर्षों से अधूरी है। जल स्तर में सुधार नहीं होने से बोर भी चल नहीं पा रहे हैं। दो हैडपम्प बिगड़े हुए हैं। एक- दो हैडपम्प के भरोसे ग्रामीण पेयजल व्यवस्था कर रहे हैं।

### स्वच्छता मित्रों व दीदियों का सम्मान



**अंबागढ़ चौकी।** स्थानीय नगर पंचायत में मंगलवार को नमस्ते दिवस मनाया गया। नमस्ते योजना अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता मित्र एवं दीदियों का सम्मान कर स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। पहली बार आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल माानिकपुरी ने की । कार्यक्रम के तहत अध्यक्ष मानिकपुरी ने सेप्टिक टेंक की सफाई कार्य में सलग्न स्वच्छता मित्रों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मनित किया। इसके अलावा स्वच्छता दीदियों को भी सम्मनित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन कर स्वच्छता दीदियों, स्वच्छता कंमाडो एवं स्वच्छता मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इस दौरान निः शुल्क दवाई वितरित की गई।

### हाई मास्ट स्ट्रीट लाइट पुनः चालू



**खड़गांव।** स्थानीय बस स्टैंड में लगी और दो साल से बंद हाई मास्ट सोलर स्ट्रीट लाइट की मरम्मत कर चालू कर दिया गया है। लाईट के चालू होने पर पंच एवं भाजयुमो महामंत्री बिट्टू गुप्ता ने इस पहल के लिए सांसद संतोष पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि लाइट के बंद होने से ग्रामीणों को परेशान होना पड़ रहा था। इस संबंध में उन्होंने 1076 में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद मरम्मत कर लाइट को चालू कर दिया गया है। इस दौरान लकी गुप्ता, वरुणदेव सोनी, अलेंद्र त्रिपाठी, देवप्रसाद सलाम, निर्भय साहू, आकांक्षा गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### एचपीवी टीकाकरण अभियान 18 तक

**मोहला।** गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आगामी 18 जुलाई तक विशेष एचपीवी टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत 3450 पात्र बालिकाओं के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के पहले चरण में 550 बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया जा चुका है।स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग के समन्वय से पात्र बालिकाओं की पहचान कर उन्हें निर्धारित टीकाकरण केंद्रों तक पहुंचाया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र बालिका टीकाकरण से वंचित न रहे। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपनी बेटियों का एचपीवी टीकाकरण कराने की अपील की है।

### ऊर्जा संरक्षण का संकल्प

**डोंगरगढ़।** वैश्विक ऊर्जा दिवस के अवसर पर मुसराकला स्थित नवोदय कोचिंग सेंटर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संचालक दीनदयाल साहू ने विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षण, अक्षय ऊर्जा के महत्व और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए संदेश दिया। उन्होंने बताया कि ऊर्जा की बचत केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए आवश्यक है। अंत में विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और अक्षय ऊर्जा के अधिकाधिक उपयोग का संकल्प लिया।

## सीईओ सहित अन्य को ज्ञापन सौंपकर मांगा मार्गदर्शन

# आवास योजना में विसंगतियां सचिव संघ ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

ग्राम पंचायत सचिव संघ ने आवास प्लस 2.0 सर्वे सूची की निर्धारित बिंदुओं और ग्रामसभा में सत्यापन के दौरान उत्पन्न हो रही विसंगतियों की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराते हुए ज्ञापन सौंपा है।

संघ के पदाधिकारियों ने सौंपे गए ज्ञापन में बताया आवास प्लस 2.0 अंतर्गत सर्वे के लिए रोजगार सहायक, आवास मित्र नियुक्त किए गए थे किन्तु सेल्फ सर्वे का विकल्प होने के कारण बड़ी संख्या में अपात्र व्यक्तियों एवं एक परिवार के कई पृथक सदस्यों द्वारा गलत जानकारी प्रस्तुत कर अपना नाम सूची में दर्ज करा लिया है। उन्होंने बताया कि अपात्रों के नाम पृथक कर उनकी सूची वाचन एवं अनुमोदन के लिए उपलब्ध कराई गई है, जिसमें भी बड़ी संख्या में अपात्र व्यक्ति शामिल हैं। सत्यापन नहीं होने के कारण ग्राम सभाओं में विवाद की स्थिति बन रही है।

## सूची से ग्रामसभा में हो रहा विवाद



### नियमों की अवहेलना

ग्राम सभा में पंचायत सचिवों ने सूची को अक्षरशः वाचन करते हुए केवल पात्र व्यक्तियों की सूची का अनुमोदन करने का आग्रह किया गया किंतु ग्राम जनसमुदाय द्वारा सभी को पात्र मानने दबाव बनाया जा रहा है जिसके चलते सूची का ज्यों का त्यों अनुमोदन कर दिया गया है।

### जानकारी का अभाव

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि हितग्राही के पास सिंचित, असिंचित भूमि का रकबा, किसान क्रेडिट कार्ड, साख सीमा, पंजीकृत वाहन आदि की प्रामाणिक जानकारी उपलब्ध नहीं होती है जिसके चलते वह दावों की सत्यता की जांच नहीं पा रहे हैं।

### विरोधाभासी निर्देश से असमंजस

उन्होंने बताया कि विभागीय पत्रों उल्लेख है कि ग्राम सभा में नियम सम्मत सत्यापन एवं अपात्रों को पृथक कराने की जिम्मेदारी सचिव एवं सरपंच की होगी। वही प्रचार माध्यमों में कहां जा रहा है कि सचिव और सरपंच किसी का नाम अपनी मर्जी से नहीं काट सकते। नाम काटने या रखने का अधिकार केवल ग्राम सभा को है। इस विरोधाभास के कारण सरपंच-सचिव असमंजस में हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा निर्धारित बिंदुओं का अक्षरशः पालन किया जाए, तो सूची में शामिल आधे से अधिक नाम अपात्रता की श्रेणी में आ जाएंगे। किंतु दबाव और विवाद को देखते हुए ऐसा नहीं हो रहा है। संघ ने शासन से स्पष्ट एवं व्यावहारिक दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया है। उनका यह भी कहना है कि सूची का अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा सत्यापन किया जाना चाहिए जिससे पात्र-अपात्र पृथक हो सकें। ज्ञापन सौंपने के दौरान रामदुलार साहू, निलेश गुर्वे, योगेश साहू सहित अन्य सचिव मौजूद थे।

### बैठक 26 को

**खड़गांव।** स्थानीय व्यापारी संघ की बुधवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में फेरी वालों से प्रभावित हो रहे व्यापार पर चर्चा की गई। इस संबंध में आगामी 26 जुलाई को पुनः बैठक रखी गई है, जिसमें लगभग चालीस गांव के व्यापारी शामिल होंगे। व्यापारियों ने बताया कि फेरी वाले घूम घूम कर नकली कीटनाशक, दवा, जूता, चप्पल, राशन सामग्री, चेयर, पाल, बर्तन इलेक्ट्रॉनिक सामान, फर्नीचर आदि बेच रहे हैं। इसके अलावा यह गांव की महिलाओं के साथ बेजा हरकत करने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। कुछ लोग आधार कार्ड, बैंक खाता नंबर जैसी जानकारियां लेकर ठगी कर रहे हैं। बैठक में जितेंद्र गुप्ता, तोमन साहू, चाहत तंबोली, चंदू महाराज, विजय जैन, लक्ष्मण सोनकर, संजय विश्वनाथ पाटिल, जीवन जैन, इंदल देवांगन, बब्बू देवांगन, चुरामन देवांगन, बब्बू गुप्ता, दीनू बघेल आदि उपस्थित थे।

### तीजनबाई को किया याद

**डोंगरगांव।** शिवनाथ साहित्य धारा के तत्वावधान और अध्यक्ष महेन्द्र बघेल के संयोजन में रविवार को पीएमश्री प्राथमिक शाला बोधीटोला में मासिक साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में पद्म विभूषण डॉ.तीजन बाई और वरिष्ठ सदस्य स्व. राजेंद्र सिंह ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर लखनलाल कलामे, कौशल साहू, रोहित तारम, लखनलाल साहू, प्रीतम कोठारी, समीर, रामकुमार चौधरी, नंदकिशोर साव, डॉ.इकबाल खान, जशवंत मंडावी, छोटेलाल साहू, पुनाराम कन्नौजे, रोशन लाल साहू, पप्पू साहू, मानसिंह, गोवर्धन परतेती, अनिल कसेर, मनीष साहू, माधवी गणवीर और सुषमा शुक्ला उपस्थित थी। संचालन महेन्द्र बघेल ने किया।

## किसान कुटीर भवन का निर्माण शुरू

**सड़क अतरिया।** कुकुरमुड़ा अतरिया सोसायटी में किसान कुटीर का अपूर्ण कार्य फिर से शुरू हो गया है। हरिभूमि के बीते अंक में किसानों की मांग को लेकर प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था जिसे मंडी बोर्ड ने संज्ञान में लेकर ठेकेदार को नोटिस थमाया था। लंबे इंतजार के बाद निर्माण कार्य फिर से शुरू किया गया। कुकुरमुड़ा अतरिया सोसायटी में इस भवन का निर्माण तीन साल से अधूरा पड़ा है। निर्माण के शुरू होने पर समिति के अध्यक्ष रोहित जंघेल ने कहा कि इस भवन के निर्माण से किसानों को काफी लाभ होगा।



### किसानों को मिलेगी सुविधा

किसान कुटीर भवन के निर्माण से किसानों को काफी सुविधा होगी। भवन सुविधायुक्त बनाया जा रहा है। धान बेचने, खाद लेने आने वाले किसानों को धूप में रहना नहीं पड़ेगा। कृषि से संबंधित सूचना भी उपलब्ध कराया जाएगा।

## भाजपाइयों में बढ़ी गुटबाजी और खींचतान

■ गुटबाजी बनी चर्चा का विषय

**डोंगरगढ़।** शहर भाजपा में नई नियुक्ति होने के बाद असंतोष तथा गुटबाजी तेज होते जा रही हैं। नियुक्तियों के बाद सोशल मीडिया पर कार्यकर्ताओं के बीच हो रही बयानबाजी चर्चा का विषय बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर पार्टी विरोधी टिप्पणियों और बयानबाजी को गंभीरता से लेते हुए जिला भाजपा ने कुछ कार्यकर्ताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कहा जा रहा है कि संगठन अनुशासन बनाए रखने और विवादों पर नियंत्रित करने का प्रयास कर रहा है, हालांकि इससे स्थिति सामान्य होगी या नहीं, यह आने वाले समय बताएगा। वहीं पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं का आरोप है कि वर्तमान पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा लंबे समय से जुड़े कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित नहीं की जा रही है। उनका कहना है कि संगठनात्मक हितों की बजाय व्यक्तिगत प्राथमिकताओं को महत्व देने से समर्पित कार्यकर्ताओं में असंतोष बढ़ रहा है।

### छवि हो रही प्रभावित

कार्यकर्ताओं के बीच यह भी चर्चा है कि कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को लेकर भाजपा नेतृत्व अपेक्षित मुखर नजर नहीं आ रहा है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि विपक्ष के आरोपों का प्रभावी जवाब नहीं दिए जाने से संगठन की छवि प्रभावित हो रही है। वहीं पार्टी में यह चर्चा है कि भाजपा शासनकाल में विकास कार्यों का ठेका ऐसे ठेकेदारों को दिया जा रहा है जो कांग्रेस से जुड़े है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि समय रहते कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करने और अनुशासन बनाए रखने की दिशा में प्रभावी पहल नहीं किया जाता है, तो इसका असर चुनाव पर पड़ सकता है।

## किसानों को नहीं मिल रही सोलर पैनल की सुविधा

### क्रेड़ा में महीनों से लंबित है किसानों के आवेदन, नहीं हो पा रही सिंचाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

किसानो की लगातार मांग के बाद भी सिंचाई के लिए सोलर पैनल नहीं लगने से कृषक परेशान हो रहे हैं। बारिश नहीं होने तथा सिंचाई साधन नहीं होने वाले स्थान में सोलर पैनल की उपयोगिता अधिक है पर किसान इससे वंचित हैं।

बिजली बचत एवं उसकी खपत कम करने के उद्देश्य से सौर ऊर्जा के उपयोग पर जोर दिया जा रहा है। शिविर लगाकर ग्रामीणों को सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग करने प्रेरित किया जा रहा है परन्तु सौर पैनल के लिए आवेदन देने के बाद भी किसानों को सुविधा मुहैया कराने में विभाग द्वारा कोताही बरती जा रही है। साल भर बीतने के बाद सैकड़ो किसान इस सुविधा से वंचित हैं। किसानों ने बताया कि कृषि भूमि एवं पेयजल के लिए क्रेडा विभाग को सौर पैनल के लिए आवेदन दे रखा है पर अब तक पैनल नहीं लग पाया है। किसानों ने बताया कि करीब साल भर पहले उन्होंने आवेदन दिया था किन्तु अब तक सौर पैनल नहीं लग पाया है। विभाग को आवेदन दे चुके कृषक साल भर से चक्कर काट रहें हैं ताकि पैनल लगने से उन्हें बोर से पानी मिल सके। जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा ने मौजूदा बारिश की स्थिति एवं किसान हित को ध्यान में रखकर तत्काल पात्र किसानों को सौर पैनल प्रदान करने की मांग की है।



### सिंचाई होती है प्रभावित

प्रदेश किसान कांग्रेस के महासचिव कामदेव जंघेल ने कहा कि कुछ क्षेत्रों में सिंचाई के लिए सौर पैनल ही एक मात्र साधन है पर विभाग की अनदेखी के चलते किसान लाभ से वंचित हैं। सरकार को किसानों की मांग पूरा करना चाहिए। जहां बिजली कनेक्शन नहीं है वहां सोलर पैनल लगा दिया जाए तो किसानों की समस्या हल हो सकती है।

## फिर खुल गए चखना सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

■ शहर के मोहल्लों में बिकने लगा अवैध शराब

शराब दुकानों के आसपास एवं अन्य स्थानों पर चखना सेंटर खुलने से माहौल खराब होने लगा है। इन सेंटरों में शराब बेचने के साथ पीने पिलाने की सुविधा मुहैया कराया जा रहा है। बताया जाता है कि इन चखना सेंटरो से आबकारी विभाग का अमला 2 सौ से 5 सौ रूपए की उगाही कर रहा है। आबकारी विभाग की एक टीम प्रातः 10 से षाम 4 बजे तक दौरा कर वसूली में लगी रहती है। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश के बाद भी स्थानीय पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है।

जानकारी के अनुसार शहर के कंडरापारा, बुधवारी पारा, कालका पारा, बधियाटोला, नया बस स्टैण्ड, छिरपानी मुक्तिधाम में शराब कोचिया फिर सक्रिय हो गए है। वहीं कटली शराब दुकान से कलकसा रोड पर लगभग 25 चखना सेंटर खुल गए हैं।

### मोबाइल से चल रहा सट्टा

शहर में जुआ सट्टा फिर शुरू हो गया। सटटा लिखने वाले अब घरों और दुकानों से बैठ कर ही आनलाईन सट्टा का संचालन कर रहे है। शहर में 3 खाईवाल हैं। जानकारी मिली है कि नांदगांव पुलिस टीम ने महीने भर पहले कुछ खाईवालो के घर दबिश दी थी। पुलिस ने बाद मे आरोपियों को इस कारोबार से दूर रहने की हिदायत देते हुए छोड़ दिया।

## सरकारी प्राथमिक शाला के छात्रों ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



निजी स्कूलों की चकाचौंध के बीच स्थानीय शासकीय अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक शाला ने सफलता का ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है जिसने सबको हैरान कर दिया है। इस शाला के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगी एवं प्रवेश परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नाम रोशन किया है। जानकारी के अनुसार धाविका नेताम ने कक्षा पांचवी अंग्रेजी माध्यम में विकासखंड स्तर पर 98.5 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उसका जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन हुआ है।

### बच्चों की मेहनत का परिणाम

प्रधानपाठक विजय जैन ने बताया कि शिक्षकों की लगन और बच्चों की मेहनत से यह परिणाम सामने आया है। लगातार कोशिश कर शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने में हम सफल रहे हैं।

### शानदार रहा परीक्षा परिणाम

जानकारी के अनुसार प्राथमिक प्रमाण पत्र परीक्षा में 90 प्रतिशत से ज्यादा अंकों के साथ धाविका नेताम, काम्या जुरेशिया, मेघा मंडावी, धृति साहू, नैतिक यादव, आदित्य भट्ठ, ऐश्वर्या सोरी, अनन्या नामदेव, अराध्या माली, चंचल निषाद, जियाना खान, रूही सेन, उज्जवल सिंह राजपूत, आयुष्मान भगत ने सफलता हासिल किया है। जानकारी के अनुसार नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए इस शाला से अब तक दीपश्री साहू, दीपांशु भुआर्य, अर्पित अमन एवं धाविका नेताम का चयन हो चुका है। इसी प्रकार एकलव्य आवासीय विद्यालय के लिए चिन्मय भुआर्य, रणवीर नेताम, निधि कोमरे, जोया ठाकुर, काम्या जुरेशिया चयनित हो चुकी है।

### राज्य स्तरीय चर्चा सत्र 22 को

**डोंगरगढ़।** बुद्धिष्ट इंटरनेशनल नेटवर्क भिक्खूनी संघ ने आगामी 22 जुलाई को नागसेन बौद्ध विहार में राज्य स्तरीय चर्चा सत्र का आयोजन किया है। कार्यक्रम भिक्खुनी सुनीति, अमित नरवाडे, मानिक वानखेड़े, मुन्नालाल नंदेश्वर, वामन मेश्राम शामिल होंगे। चर्चा सत्र में बुद्धिष्ट पुरातत्व विरासत तथा सरकार के बेजा रवैये, बौद्धों की समस्याओं सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
• मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल •
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी • एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी • सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा • आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार, • TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर 9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology) Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भाषण प्रतियोगिता में रूपाली ने मारी बाजी



**राजनांदगांव।** विश्व जनसंख्या दिवस पर कांफ्लुएंस महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों की प्रतिभा और सामाजिक चेतना को प्रोत्साहित करने हेतु भाषण, वाद-विवाद, पोस्टर निर्माण जैसी विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने जनसंख्या वृद्धि, उसके सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय प्रभावों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। जिसमें प्रथम रुपाली साहू, द्वितीय दुर्गेश्वरी व तोमिन तथा तृतीय स्थान पर हिलेश रही। वहीं वाद-विवाद प्रतियोगिता के पक्ष में प्रथम उमेश, द्वितीय रुपाली साहू, तृतीय श्रेया और विपक्ष में रितु ने बाजी मारी। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में छात्रों ने आकर्षक और संदेशपूर्ण चित्रों के माध्यम से जनसंख्या नियंत्रण का महत्व उजागर किया। जबकि नारा लेखन प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों को अपने विचारों को सुव्यवस्थित रूप से अभिव्यक्त करने का अवसर दिया।

### दिग्विजय कॉलेज में पेपर बैग-डे का आयोजन



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के एनसीसी आर्मी विंग द्वारा 13 जुलाई को पेपर बैग-डे के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्त भारत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 85 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। कैडेट्स ने स्वयं पेपर बैग तैयार किए तथा महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में विद्यार्थियों, नागरिकों एवं दुकानदारों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराते कागज के थैलों के उपयोग के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का मार्गदर्शन एनसीसी केयर टेकर डॉ. चिरंजीव पाण्डेय ने किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े परिवर्तन का आधार बनते हैं। यदि प्रत्येक नागरिक दैनिक जीवन में प्लास्टिक की जगह पेपर बैग अथवा कपड़े के थैले का उपयोग करें, तो प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं



**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने मंगलवार को कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं मांगे सुनी। जनदर्शन में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्रवाई करते त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जनदर्शन आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान का महत्वपूर्ण माध्यम है। जनसामान्य अपनी अपेक्षाओं और विश्वास के साथ प्रशासन के पास पहुंचते हैं, इसलिए प्रत्येक आवेदन का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर नियमानुसार शीघ्र निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाए तथा आवेदनों के निराकरण की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। जनदर्शन में नामांतरण, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, भू-अर्जन से संबंधित प्रकरण, अवैध अतिक्रमण हटाने, नजूल भूमि संबंधी मामलों, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राजस्व अभिलेखों में सुधार संबंधी समस्याओं सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित करें तथा आवेदकों को निर्धारित समय-सीमा में कार्रवाई की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए।

### आयुक्त ने एसएलआरएम सेंटर का किया निरीक्षण



**राजनांदगांव।** नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम सोमवार सुबह रेवाडीह वार्ड में साफ-सफाई का जायजा लेकर एसएलआरएम सेंटर में कचरा पृथककरण की जानकारी लेकर खाद बनाने की प्रक्रिया देखी। उन्होंने टांकाघर का निरीक्षण कर कर्मचारियों की उपस्थिति, वाहन, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था के संचालन के संबंध में प्रभारियों से चर्चा की। आयुक्त श्री मरकाम रेवाडीह एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर सेंटर प्रभारी से कचरा पृथककरण की जानकारी लेकर प्रतिदिन गीला-सूखा कचरा पृथक कर गीला कचरा से खाद बनाने की प्रक्रिया देखी। आयुक्त श्री मरकाम टांकाघर पहुंच जल, विद्युत मोटर विभाग के कर्मचारियों के संबंध में जानकारी लेकर उनसे रूबरू हुए। साथ ही हाजिरी रजिस्टर की जांच की। गाडिया एवं टैंकर रवानगी के संबंध में प्रभारी से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी सुबह निर्धारित समय में उपस्थित होकर हाजिरी लगाने के पश्चात कार्यस्थल पर जाएंगे, जल विद्युत संबंधी शिकायत का त्वरित निराकरण करेंगे। निरीक्षण के दौरान प्रणय मेश्राम, ज्योति साहू, गरिमा वर्मा, राजेश मिश्रा सहित जल, विद्युत व मोटर प्रभारी उपस्थित थे।

### जैनम ने सुनी वार्डवासियों की समस्याएं



**राजनांदगांव।** महावीर वार्ड के पार्षद जैनम बैद ने सोमवार को वार्ड के विभिन्न मोहल्लों में व्यापक जनसंपर्क कर रहवासियों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। जनसंपर्क के दौरान पेयजल, स्वच्छता, पेंशन एवं राशनकार्ड सहित विभिन्न जनसमस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक पहल की गई। जनसंपर्क के दौरान वार्डवासियों ने कई स्थानों पर गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायत की। पार्षद जैनम ने मौके से ही संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर समस्या के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए तथा नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने पर जोर दिया। पार्षद बैद ने निराश्रित पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों के घर पहुंचकर उनकी समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने पेंशन की निकासी सहित अन्य प्रशासनिक दिक्कतों के समाधान के लिए संबंधित विभाग से आवश्यक समन्वय करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान वार्ड के 10 पात्र हितग्राहियों के नए राशनकार्ड बनवाने के लिए आवेदन प्रक्रिया भी पूर्ण कराई गई, ताकि उन्हें जल्द से जल्द शासन की खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ मिल सके। स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए पार्षद बैद ने गंदगी की शिकायत वाले स्थानों पर तत्काल सफाई कराने के लिए कहा।

### यातायात पुलिस का शहर में अभियान

# दो दिन में नो-पार्किंग में खड़े 87 वाहन पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में यातायात व्यवस्था को दुरूस्त रखने के लिए यातायात पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता व कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत व्यस्ततम इलाके में नो-पार्किंग में खड़े वाहनों पर दो दिन में 87 वाहनों पर कार्रवाई कर समन शुल्क वसूला गया।

शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख सर्विस रोड, बाजार क्षेत्रों एवं नो-पार्किंग जोन में विशेष अभियान चलाकर पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रभावी चालानी कार्रवाई की गई।



#### लोडिंग-अनलोडिंग निर्धारित समय पर करें

यातायात पुलिस ने शहर के समस्त व्यापारियों से अपील की है कि वे अपने प्रतिष्ठानों में माल की लोडिंग एवं अनलोडिंग निर्धारित समयावधि में ही कराएं, ताकि बाजार क्षेत्रों में अनावश्यक यातायात बाधित न हो। साथ ही सभी दुकानदारों एवं नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने तथा अपने ग्राहकों के वाहन केवल व्हाइट पार्किंग पट्टी निर्धारित पार्किंग क्षेत्र के भीतर ही खड़े कराएं। जिससे आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

#### 27300 समन शुल्क वसूली

कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों को सड़क पर अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा न करने, केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी गई। विगत दो दिनों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 87 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते कुल 27300 रुपए रुपए समन शुल्क वसूल किया गया।

#### व्यस्ततम इलाके में कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरत्न कश्यप के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के तहत नया बस स्टैंड, गुरुद्वारा चौक, महावीर चौक, जयस्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक, फौव्वारा चौक, गुड़ाखू लाइन, जूनीहटरी, आजाद चौक, भारतमाता चौक, तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग, सदर लाइन, गंज चौक, चिखली ओव्हरब्रिज, पुराना रेस्ट हाउस, रेलवे स्टेशन, भगत सिंह चौक, पुलिस सहायता चौक, पुराना बस स्टैंड चौक, गौरीनगर फाटक, रामदरबार चौक, भाजपा कार्यालय चौक, अग्रवाल ट्रांसपोर्ट, कामठी लाइन, अंबेडकर चौक से ममता नगर मोतीपुर अंडरब्रिज, देशमुख होटल चौक, गांधी चौक, दुर्गा चौक, बसंतपुर थाना तिराहा, इंदिरा नगर तिराहा, कुंआ चौक, नंदई चौक, मोहारा रोड, आरके नगर, राज इम्पीरियल चौक, कविता कॉम्प्लेक्स, महामाया चौक तथा फरहद चौक सहित विभिन्न क्षेत्रों के सर्विस रोड एवं बाजार क्षेत्रों में नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े पाए गए वाहनों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के तहत चालानी कार्रवाई की गई।

## हादसे में कार सवार घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाराष्ट्र की ओर से कार से आ रहे शहर के व्यापारी की कार का एक्सीटेंड हो गया। जिससे कार में सवार लोगों को गंभीर चोंटे आई है। उन्हें उपचार हेतु देवरी चिकित्सालय ले जाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार में सवार होकर शहर के व्यवसायी प्रवेश चोपड़ा अपने परिजनों के साथ महाराष्ट्र की ओर से आ रहे थे। इस दौरान दोपहर के समय उनकी कार का एक्सीडेंट हो गया। जिससे कार में सवार सभी लोगों को गंभीर चोंटे आई।

बताया गया कि इसी दौरान वहां से गुजर रही शहर की रेलवे में तैनात आरपीएफ निरीक्षक तरूणा साहू ने जब उक्त दुर्घटना व घायलों को देखा, तब उन्होंने मानवता का परिचय देते हुए तत्काल उनकी मदद में जुट गई। उन्होंने मौके पर एम्बुलेंस बुलवाकर देवरी चिकित्सायल में घायलों को उपचार हेतु भेजा, जहां उनका उपचार जारी है। उक्त घटना लगभग पौने पांच बजे की बताई जा रही है।

#### आज नगर भ्रमण करेगी जगन्नाथ की रथयात्रा

**राजनांदगांव।** भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की भव्य रथयात्रा आषाढ़ शुक्ल द्वितीया 16 जुलाई को श्रद्धा-भक्ति के साथ धूमधाम से निकाली जाएगी। नगरी के गांधी चौक स्थित प्राचीन भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के मंदिर से 87वीं रथयात्रा निकाली जाएगी। पारंपरिक रथ को भव्यता प्रदान की गई है। रथयात्रा धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है। इसमें शामिल होकर श्रद्धालु माता-बहनें एवं बंधु महाप्रभु जगन्नाथ के दर्शन एवं आशीर्वाद का पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं। श्री शर्मा ने बताया कि पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालु भक्तों के लिए भंडारा प्रसादी सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित है। शोभायात्रा के संदर्भ में बताया गया कि शोभयात्रा प्रारंभ होने के पूर्व दोपहर 2 बजे भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा एवं सुदर्शन चक्र को भव्य रथ में विराजित किया जाएगा । पूजा-आरती के पश्चात दोपहर 2.30 बजे रथ की रस्सी को सैकड़ों भक्त एवं बंधुओं द्वारा अपने हाथों से खींचा जाएगा। इसी के साथ रथयात्रा प्रारंभ होगी।

## अनुराग अपिव मोर्चा दुर्ग जिला प्रभारी नियुक्त

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी ने राजनांदगांव के युवा नेता अनुराग चौरसिया को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा दुर्ग जिले का प्रभारी नियुक्त किया है।



श्री चौरसिया को मिले नए दायित्व पर दुर्ग और राजनांदगांव के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई देकर हर्ष व्यक्त किया है। गौरतलब है कि अनुराग चौरसिया को पार्टी ने समय-समय पर प्रदेश भाजयुमो में गरियाबंद सह-प्रभारी बनाया गया था। वहीं बेमेतरा जिले के भी उन्हें युवा मोर्चा के सह-प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई थी।

श्री चौरसिया ने राजनांदगांव लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भी भाजपा प्रत्याशी के प्रचार-प्रसार और मतदान करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी थी। अनुराग ने पार्टी द्वारा दी गई इस जवाबदारी के लिए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, सांसद संतोष पांडे, प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव, महामंत्री नवीन मार्कण्डेय, अखिलेश सोनी और यशवंत जैन, पिछड़ा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू एवं भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत का आभार व्यक्त किया।

## काव्य पाठ, भाषण और वाद विवाद स्पर्धाएं आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रॉयल किड्स कान्वेंट में इंग्लिश एलोकेशन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय के बोर्ड मेंबर श्रेयांश बहादुर सिंह के मार्गदर्शन व नेतृत्व में विद्यार्थियों ने अंग्रेजी भाषा पर अपनी पकड़ और मंच कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की शुरूआत कक्षा तृतीय से अष्टमी तक के विद्यार्थियों के काव्य पाठ से हुई। बच्चों ने विभिन्न विषयों पर आधारित अंग्रेजी कविताएं प्रस्तुत की। तत्पश्चात कक्षा 9वीं और 10वीं के छात्रों ने समसामयिक विषयों पर प्रभावशाली भाषण दिए। कार्यक्रम के अंतिम चरण में कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिताएं हुई। जिसमें छात्रों ने तर्क और तथ्यों के साथ अपने विचार रखे। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन सृष्टि तूरखिया और आयुष साहू द्वारा किया गया। निर्णायकों ने कहा कि बच्चों का प्रदर्शन बहुत ही सराहनीय रहा। इस दौरान भाषण व वाद-विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता हुई।

इस अवसर पर शाला की अध्यक्ष डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, बोर्ड मेंबर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, पूजा सिंह, इला सिंह, जानवी सिंह, बरसर आईके वैष्णव, अभिषेक खंडेलवाल, एकता खंडेलवाल, ममता मिश्रा, सरिता सिंह, अपर्णा वर्मा एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी।



#### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। बेस्ट काव्य पाठ ग्रुप ए प्रथम सान्वी चौधरी (जवाहर हाउस) एवं विराट रजक (सुभाष हाउस), ग्रुप बी प्रथम एकता सेन (आजाद हाउस) व द्वितीय बलराज बघेल (आजाद हाउस), ग्रुप सी प्रथम शौर्या सिंग (जवाहर हाउस), द्वितीय हरीतिमा सिंह (सुभाष हाउस), पलक अग्रवाल (आजाद हाउस), ग्रुप डी बेस्टस्पीकर वंशिका चौहान (जवाहर हाउस), रिति मेश्राम (भगत हाउस), ग्रुप ई बेस्ट डिबेटर तन्मय साहू (सुभाष हाउस), फाल्गुनी देवांगन (आजाद हाउस) शामिल हैं। इसके साथ ही हाउस वाइज परिणाम में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद आजाद हाउस प्रथम एवं जवाहर हाउस द्वितीय स्थान पर रहे।

## शिक्षा प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** भाजपा जिला शिक्षा प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण बैठक जिला स्तर पर बीते दिवस संपन्न हुई। बैठक में प्रमुख संगठन की मजबूती, शिक्षा के क्षेत्र में पार्टी की भूमिका, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, सरल एप की जानकारी सहित विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में मुख्या वक्ता जिला भाजपा महामंत्री सौरभ कोठारी, पार्षद रवि सिन्हा तथा किसान मोर्चा के महामंत्री रमेश सोनवानी उपस्थित थे।

बैठक में जिला भाजपा महामंत्री सौरभ कोठारी ने कहा कि भाजपा द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों को राष्ट्रवादी विचारधारा के अनुरूप जोड़ते स्वच्छ समाज के निर्माण के उद्देश्य से अलग-अलग प्रकार के प्रकोष्ठों व मोर्चों का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्रकोष्ठ का क्षेत्र व्यापक है, इसलिए इस प्रकोष्ठ में समाज के बुद्धिजीवी वर्ग सहित कतिपय युवाओं को जोड़ा गया है, ताकि भाजपा की मूल विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

पार्षद रवि सिन्हा ने कहा कि हमारा उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाना,



विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच जनसंपर्क बढ़ाना तथा शिक्षा से जुड़े जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाना है। उन्होंने प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों व सदस्यों से केन्द्र एवं राज्य सरकार की शिक्षा संबंधी योजनाओं की जानकारी को आमजन तक पहुंचाने और उनके प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग करने का आह्वान किया। बैठक में शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दीपक कुमार सिन्हा ने प्रकोष्ठ के नेतृत्व में पूर्व में संपादित कार्यों की विस्तृत जानकारी रखते आगामी दिनों में विभिन्न स्कूलों में पहुंचकर गरीब, साधन व सुविधाविहिन बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित करने का सुझाव दिया। वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश सोनवानी ने कहा कि शिक्षा प्रकोष्ठ संगठन का एक महत्वपूर्ण अंग है।

## लिटिया-सेमरिया उपकेंद्र का सुदृढ़ीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने प्रदेश की पारेषण अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।



प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला के करकमलों द्वारा सोमवार को 220/132 केवी लिटिया-सेमरिया उपकेंद्र में स्थापित 160-160 एमवीए क्षमता के दो 220/132 केवी पावर ट्रांसफार्मरों का ऊर्जीकरण किया गया। प्रथम ट्रांसफार्मर का ऊर्जीकरण शाम 5.22 बजे तथा द्वितीय ट्रांसफार्मर का ऊर्जीकरण शाम 5.27 बजे किया गया। दोनों ट्रांसफार्मरों के सफल ऊर्जीकरण से उपकेंद्र में 320 एमवीए की अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मेशन कैपेसिटी उपलब्ध हो गई है।

प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने इस उपलब्धि पर परियोजना से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई देते कहा कि राज्य में औद्योगिक विकास एवं उपभोक्ताओं को विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने पारेषण नेटवर्क का निरंतर विस्तार और आधुनिकीकरण किया जा रहा है। लिटिया-सेमरिया उपकेंद्र में उपलब्ध हुई अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मेशन कैपेसिटी से न केवल वर्तमान विद्युत मांग को बेहतर ढंग से पूरा किया जा सकेगा, बल्कि भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप भी पर्याप्त क्षमता उपलब्ध रहेगी। श्री शुक्ला ने कहा कि इस परियोजना का लाभ दुर्ग जिले से लेकर राजनांदगांव तक प्राप्त होगा। इससे क्षेत्र में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ घरेलू, कृषि एवं अन्य उपभोक्ताओं को भी अधिक विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर संजय पटेल, केएस मिनोठिया, वीके दीक्षित, संजय आरबी खंडेलवाल, शिरीष सालेट, अब्राहम वर्गीज, प्रसन्ना गोसावी, पीपी सिंह, आरके तिवारी, आरके मिश्रा, करुणेश यादव एवं सुनील भुआर्य सहित कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता तथा परियोजना से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## सपने वो होते हैं, जो हमें सोने नहीं देते : विमल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल का 30वां स्थापना दिवस समारोह विद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थी डॉ. शशांक शर्मा एमबीबीएस, एमडी एनेस्थेसियोलोजी, डॉ. विमल अग्रवाल एमबीबीएस, डी आर्थो, एमएस, एफएनबी (स्पाइन सर्जरी) तथा डॉ. राम तिवारी बीडीएस, एमडीएस, प्रोफेसर, एचओडी श्री बालाजी इंस्टीटयूट ऑफ डेन्टल साइंस रायपुर के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर डॉ. विमल अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों को हमेशा बड़े सपने देखना चाहिए। उन्हें इन सपनों को साकार करने कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सपने वो नहीं होते, जिसे हम नींद में देखते हैं, बल्कि सपने वो होते हैं, जो हमें सोने नहीं देते। उन्होंने



इसी तरह के विचार डॉ. शशांक शर्मा ने भी रखी। उन्होंने कहा कि विद्यालय उनके कॅरियर निर्माण में मील का पत्थर साबित हुआ। डॉ. राम तिवारी ने हिंदी विभागाध्यक्ष वीएन राय और कंचन सोहल के अध्यापन को याद करते रामधारी सिंह दिनकर की खूबसूरत कविता सुनाई। प्राचार्य मधुसूदन नायर ने स्वागत भाषण में कहा कि युगांतर का विजन सदा स्पष्ट रहा है। विद्यालय का स्थापना दिवस मनाने का उद्देश्य भी यही रहा है कि विद्यार्थीगण अपने लक्ष्य को निर्धारित करके सदा आगे प्रगति करते रहे। विद्यालय की 30 वर्षों की सुनहरी यात्रा में विद्यार्थी कुछ अच्छी प्रगति करते हैं तो उन्हें विशेष खुशी का अनुभव होता है।

इसी कड़ी में विद्यालय में दस वर्ष पूर्ण करने कर्मचारियों का सम्मान भी हुआ। जिसमें नान टीचिंग स्टॉफ से त्रिलोक साहू, दिनेश साहू, योमेश्वर साहू प्रमुख रहे। इसी तरह उन कर्मचारियों का भी सम्मान हुआ, जिन्होंने अपनी ईमानदारी और मेहनत से सभी का दिल जीता। इनमें बिंदेश्वरी, हेमलता और लता प्रमुख रही, जिन्होंने सोने के कीमती आभूषण मिलने पर कार्यालय में सुरक्षित जमा किया। समारोह की शुरूआत माता सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर उनका अभिवादन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ। विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य और गीत को प्रभावकारी ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, डायरेक्टर्स के लिए संगीतमय गेम भी रखे गए थे, जिनका उन्होंने खूब लुत्फ उठाया। इन गेम्स में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। समारोह के अंत में केक कटिंग सेरेमनी हुई।

## पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से पंचायत सचिव बने प्रेरणा स्त्रोत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना नागरिकों को स्वच्छ एवं सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने के साथ-साथ बिजली व्यय में कमी लाने का प्रभावी माध्यम बन रही है। ग्राम पंचायत रामपुर के सचिव रामलखन मंडावी एवं ग्राम पंचायत जोंधरा के सचिव अर्जुन सिंह ठाकुर ने अपने निजी आवास में 3-3 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित कर इस योजना का लाभ उठाया है। उनकी यह पहल अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणादायी बन रही है।

रामलखन मंडावी ने बताया कि उन्होंने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया। विद्युत विभाग से आवश्यक स्वीकृति मिलने के बाद



अधिकृत विक्रेता द्वारा उनके घर पर 3 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर प्लांट एवं नेट मीटर स्थापित किया गया। इससे प्रतिमाह बिजली बिल में अच्छी बचत हो रही है तथा अतिरिक्त उत्पादित बिजली पर नेट मीटरिंग का लाभ भी मिल रहा है।

ग्राम पंचायत जोंधरा के सचिव अर्जुन सिंह ठाकुर ने भी अपने निजी आवास में 3 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित कराया है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन विभागीय स्वीकृति तथा अधिकृत विक्रेता के माध्यम से सोलर प्लांट की स्थापना की प्रक्रिया सरल एवं पारदर्शी रही।

# चाकू दिखाकर लूट, 3 पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



चाकू दिखाकर लूट करने के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने तीन घंटे के भीतर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

प्रार्थी ने थाना बसंतपुर में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि 14 जुलाई की शाम लगभग 6 बजे वह मोहारा बाइपास से लखोली रोड स्थित शराब दुकान से शराब खरीदकर अपनी मोटर साइकिल से लौट रहा था। इसी दौरान एक युवक ने मोहारा तक लिफ्ट मांगी। प्रार्थी द्वारा उसे मोटर साइकिल पर बैठा लिया गया। कुछ दूरी पर पहुंचते ही पहले से मौजूद उसके दो साथियों ने मोटर साइकिल रूकवाई। तीनों आरोपियों ने प्रार्थी को धारदार चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी तथा उसकी जेब में रखे 1,800 रुपए एवं एक विवो कंपनी का मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए।

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू, प्रशिक्षु उप निरीक्षक राजीव चंद्रा, हीरामणी, सहायक उपनिरीक्षक गोवर्धन देशमुख, प्रधान आरक्षक सीमा जैन, आरक्षक आशीष मानिकपुरी, कुश बघेल एवं अतहर अली की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

### नगदी, मोबाइल व बाइक जब्त

आरोपियों के कब्जे से 1,800 रुपए, एक विवो मोबाइल, घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू एवं मोटर साइकिल बरामद कर जब्त किया गया। तत्पश्चात आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल राजनांदगांव भेजा गया।

### पुलिस टीम गठित

प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 309(4), 311 एवं 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीम गठित की गई। त्वरित कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने महज 3 घंटे के भीतर तीनों आरोपियों उत्तम पारेख, पुसउ कुमार साहू एवं धीरज बारेकर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया।

### चाकू लेकर भयभीत करने वाला गिरफ्तार

सार्वजनिक स्थान पर चाकू लेकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार बसंतपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति दिग्विजय कॉलेज से शीतला मंदिर जाने वाले मार्ग सार्वजनिक स्थान पर धारदार लोहे का चाकू लेकर लोगों को भयभीत कर रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते पुलिस टीम मौके पर पहुंची एवं आरोपी सचिन दास 22 वर्ष दुर्गा चौक को घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक धारदार लोहे का चाकू बरामद हुआ। आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर उसे जिला जेल राजनांदगांव भेजा गया।




# अवैध रूप से शराब परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब परिवहन एवं बिक्री के दो अलग मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 14 जुलाई को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बछेराभाठा निवासी सीताराम मंडावी अपनी मोटर साइकिल से निर्धारित मात्रा से अधिक देशी शराब लेकर जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा लेडीज जॉब पुलिया के पास घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया।तलाशी लेने पर आरोपी की मोटर साइकिल में रखे एक भूरे रंग के थैले से 32 पाव 36 मसाला देशी शराब कीमती 3,200 रुपए तथा मोटर साइकिल जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

### 40 पौवा देशी मसाला बरामद

पुलिस के अनुसार अन्य मामले में 14 जुलाई को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि बीडी कॉलोनी इंदिरा नगर निवासी विशाल कामड़े अपनी मोटर साइकिल से अवैध देशी शराब लेकर बिक्री हेतु जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा स्लीपर फैक्ट्री रोड डोंगरगढ़ में घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक हरे रंग की प्लास्टिक थैली में रखी 40 पाव सुपर-36 मसाला देशी शराब कीमती 4,000 रुपए तथा हीरो स्प्लेंडर मोटर साइकिल जब्त किया गया।






## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी गई विदाई



**पिपरिया।** संकुल स्त्रोत केंद्र पिपरिया में सेवानिवृत्त शिक्षक विदाई समारोह का आयोजन बड़े ही गरिमामयी तरीके से आयोजित किया गया। कार्यक्रम मां सरस्वती की तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया गया, मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त संकुल प्राचार्य नंदकुमार शर्मा, उत्कृष्ट प्रधान पाठक धर्मेंद्र कुमार शर्मा, प्रभारी प्राचार्य अर्जुन राम चंद्रवंशी उपस्थित थें। संकुल समन्वयक महेंद्र जांगड़े ने अतिथियों के सेवा, समर्पण, ज्ञान, प्रेम, संस्कार, अनुशासन एवं मार्गदर्शन पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदान को स्मरण कराया एवं उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और भावीं जीवन यात्रा के लिए मंगलकामनाएं प्रेषित किया। उपस्थित सभी शिक्षकों के द्वारा अतिथियों के साथ बिताए हुए पल उनके कुशल नेतृत्व में किए गए कार्य पर अपना-अपना विचार रखें। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा समय की प्रबंधन, अनुशासन, कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व पर मार्गदर्शन करते हुए जीवन के खट्टे-मीठे अनुभव सबके बीच रखा गया। अंत में संकुल परिवार पिपरिया द्वारा सभी अतिथियों को साल, श्रीफल, कलम एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रधान पाठक रूपेश कुमार तिवारी द्वारा एवं आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक लखन लाल वारते द्वारा किया गया।

### महत्वपूर्ण विजिट व निरीक्षण कार्यक्रम संपन्न



**कवर्धा।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कवर्धा में एक महत्वपूर्ण विजिट और निरीक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव पवनेश शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अभिषेक अग्रवाल व डीएमएम रामेंद्र सिंह गुर्जर द्वारा आरसेटी परिसर का विस्तृत दौरा किया। परिसर का जायजा अधिकारियों ने आरसेटी परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था को देखा और उसे सराहना की साथ ही उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने संस्थान के छात्रावास, कैंटीन, कम्प्यूटर लैब आदि का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संयुक्त सचिव भारत सरकार नई दिल्ली पवनेश शर्मा एवं जिला सीईओ अभिषेक अग्रवाल ने पशु सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रही प्रशिक्षणार्थियों से आत्मीय मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा पशु सखी प्रशिक्षणार्थियों को उनके काम को आसान और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक पशु सखी किट (सामग्री) का वितरण किया गया। इस वीआईपी दौरे से प्रशिक्षण ले रही महिलाओं में भारी उत्साह देखा गया। संस्थान के स्टाफ ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

**सौगात : सरकारी स्कूलों के बच्चे सीखेंगे एआई, ड्रोन और रोबोटिक्स**

# विधायक भावना की साइंस पाठशाला का सीएम व विस अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने तथा शासकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में पंडरिया विधायक भावना बोहरा की महत्वाकांक्षी पहल भावना दीदी की साइंस पाठशाला मोबाइल इमर्जिंग टेक्नोलॉजी लैब का शुभारंभ छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के करकमलों से सम्पन्न हुआ।

इस दौरान उन्होंने बस में निर्मित हाईटेक मोबाइल इमर्जिंग टेक्नोलॉजी लैब को हरी झंडी दिखाकर भावना दीदी की साइंस पाठशाला को रवाना किया जो पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण व वनांचल एवं प्रत्येक शासकीय व शिशु मंदिर विद्यालयों में पहुंचेगी। भावना बोहरा के इस प्रयास के लिए मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष ने सराहना करते हुए बधाई और अपनी शुभकामनाएं दी।

बस में संचालित इस मोबाइल इमर्जिंग टेक्नोलॉजी लैब द्वारा पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विद्यार्थियों को 5 अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा विद्यालय परिसर में चरणबद्ध तरीके से 3 से 5 दिनों की कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसके तहत प्रथम चरण में कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं को बेसिक से लेकर एडवांस टेक्नोलॉजी का प्रशिक्षण दिया जाएगा साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी दिया जाएगा। भावना दीदी की साइंस पाठशाला के माध्यम से एक वर्ष में 5000 से अधिक सरकारी व सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जोड़ना, विज्ञान एवं नवाचार के प्रति विद्यार्थियों में रुचि विकसित करना, विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, समस्या समाधान, क्षमता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना, भविष्य की तकनीकों पर आधारित रोजगार एवं करियर के लिए विद्यार्थियों को तैयार करना तथा ग्रामीण प्रतिभाओं को अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए नए अवसर उपलब्ध कराना है।

पंडरिया विधानसभा का अधिकांश क्षेत्र आदिवासी व वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र है ऐसे में इस पहल से वहां के विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों को करीब से जानने व सिखने का एक नया अनुभव और भविष्य के लिए मजबूत आधार मिलेगा।

विधायक भावना बोहरा की यह अभिनव पहल ग्रामीण अंचलों के सरकारी विद्यालयों तक अत्याधुनिक मोबाइल इमर्जिंग टेक्नोलॉजी लैब के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, ड्रोन और एयरोमॉडलिंग, 3-डी प्रिंटिंग, कोडिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ऑगमेंटेड एवं वर्चुअल रियलिटी जैसी आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसका उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी शिक्षा के बीच तकनीकी अंतर को समाप्त करना तथा सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों को भविष्य की प्रतिस्पर्धा के लिए सक्षम बनाना है।

### शिक्षा में नवाचार, डिजिटल लर्निंग व तकनीकी कौशल को बढ़ावा देने सराहनीय प्रयास : मुख्यमंत्री




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विधायक भावना बोहरा की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नई शिक्षा व्यवस्था का लक्ष्य केवल पुस्तकीय ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों के अनुरूप तैयार करना है। भावना दीदी की साइंस पाठशाला जैसी पहलें इस सोच को धरातल पर साकार करती हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी नए अवसर मिलेंगे। यह पहल पंडरिया विधानसभा के विद्यार्थियों को तकनीकी व आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के साथ ही उनके कौशल व मानसिक विकास एवं विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा में नवाचार, डिजिटल लर्निंग और तकनीकी कौशल को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा समाजहित में किए जा रहे ऐसे प्रयास प्रेरणादायक हैं।

### विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए अनुकरणीय पहलः डॉ रमन सिंह

विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि भावना दीदी की साइंस पाठशाला केवल एक मोबाइल इमर्जिंग टेक्नोलॉजी लैब नहीं, बल्कि ग्रामीण प्रतिभाओं के सपनों को नई उड़ान देने वाला अभियान है। जब सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी स्वयं ड्रोन उड़ाएंगे, रोबोट संचालित करेंगे और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों को व्यवहारिक रूप से सीखेंगे तो उनका कौशल विकास होगा साथ ही उन्हें आने वाले समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने व आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी भी बढ़ेगी जो उनके उज्जवल और सुरक्षित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। विधायक भावना बोहरा ने शिक्षा के क्षेत्र में एक अनुकरणीय पहल की है, जो निश्चित रूप से पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा बनेगी।

### प्रदेश या राष्ट्र की वास्तविक प्रगति शिक्षा की गुणवत्ता से तय होती हैः भावना

भावना दीदी की साइंस पाठशाला के बारे में जानकारी देते हुए विधायक भावना बोहरा ने कहा कि मेरा हमेशा से यह विश्वास रहा है कि किसी भी समाज, प्रदेश या राष्ट्र की वास्तविक प्रगति उसकी शिक्षा की गुणवत्ता से तय होती है। यदि हम अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा, आधुनिक ज्ञान और नई तकनीकों से जोड़ते हैं, तो हम केवल उनका भविष्य नहीं, बल्कि पूरे समाज,प्रदेश व राष्ट्र का भविष्य सशक्त बनाते हैं। आज दुनिया तेजी से बदल रही है।आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, ड्रोन, डिजिटल टेक्नोलॉजी और नवाचार आने वाले समय की पहचान बनने जा रहे हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि हमारे ग्रामीण अंचलों के बच्चे भी इन अवसरों से वंचित न रहें। हमारे गाँवों के बच्चों में भी असीम क्षमता है, आवश्यकता केवल उन्हें सही अवसर, उचित मार्गदर्शन और आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराने की है।

# शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहे छात्र-छात्राएं, पढ़ाई-लिखाई प्रभावित

## वर्ष 2025-26 से लगातार हो रही मांग, जिम्मेदार बेपरवाह




### रिक्त पदों पर शीघ्र शिक्षकों की नियुक्ति की जाए

ग्रामीणों ने शासन एवं शिक्षा विभाग से मांग की है कि ग्राम कोलेगांव के पूर्व प्राथमिक शाला एवं हाई स्कूल में रिक्त पदों पर शीघ्र शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। विशेष रूप से जिन विषयों के शिक्षक नहीं हैं, वहां विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की पदस्थापना की जाए, ताकि विद्यार्थियों का पाठ्यक्रम समय पर पूरा हो सके और उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही शिक्षकों की कमी दूर कर दी जाती है तो विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा, पढ़ाई नियमित रूप से संचालित होगी और उन्हें भविष्य की परीक्षाओं एवं प्रतियोगी अवसरों के लिए बेहतर तैयारी करने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने शासन-प्रशासन से इस समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की है, ताकि ग्राम कोलेगांव के विद्यार्थियों का भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल बन सके।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव स्थित पूर्व प्राथमिक शाला एवं हाई स्कूल में लंबे समय से शिक्षकों की कमी बनी हुई है। वर्ष 2025-26 से लगातार अतिरिक्त शिक्षकों की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक पर्याप्त संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो सकी है। इसके कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और कई विषयों का पाठ्यक्रम समय पर पूरा कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों, पालकों एवं विद्यार्थियों का कहना है कि शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए विद्यालयों में छात्र संख्या के अनुरूप शिक्षकों की उपलब्धता आवश्यक है। लेकिन वर्तमान में दोनों विद्यालय सीमित शिक्षकों के भरोसे संचालित हो रहे हैं। कई बार शिकवा शिकायत व संबंधित अधिकारियों के माध्यम से इस समस्या से अवगत कराया गया, इसके बावजूद अब तक स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है।

जानकारी के अनुसार ग्राम कोलेगांव की पूर्व प्राथमिक शाला में वर्तमान में प्रधान पाठक सहित केवल दो शिक्षक पदस्थ हैं, जबकि विद्यालय में 69 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं और प्रवेश प्रक्रिया जारी होने के कारण विद्यार्थियों की संख्या बढ़ने की संभावना है। इतनी बड़ी संख्या में बच्चों को केवल दो शिक्षकों के माध्यम से पढ़ाना चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। इससे प्रत्येक विद्यार्थी पर पर्याप्त ध्यान देना कठिन हो जाता है और शिक्षण कार्य भी प्रभावित होता है।

इसी प्रकार ग्राम के हाई स्कूल में भी शिक्षकों की कमी बनी हुई है। यहां प्राचार्य सहित केवल तीन शिक्षक पदस्थ हैं, जबकि कक्षा 9वीं एवं 10वीं में 100 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। विद्यालय में कुछ विषयों के शिक्षकों का अभाव है, जिसके कारण संबंधित विषयों का नियमित अध्ययन प्रभावित हो रहा है।

### चार सूत्रीय मांगों को लेकर 20 को प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर (पंजीयन क्रमांक 6685) तथा छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ, रायपुर (पंजीयन क्रमांक 12222149760) के संयुक्त तत्वावधान में लंबित चार सूत्रीय मांगों की पूर्ति के लिए 20 जुलाई 2026 को रायपुर के तूता स्थित धरना-प्रदर्शन स्थल पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन, महारैली एवं विधानसभा घेराव का आयोजन किया जाएगा। महासंघ द्वारा जारी सूचना के अनुसार, कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर 3 नवंबर 2025 से अनिश्चितकालीन आंदोलन किया गया था। आंदोलन के दौरान शासन-प्रशासन का ध्यान कर्मचारियों की समस्याओं की ओर आकर्षित किया गया, किंतु अब तक मांगों का संतोषजनक समाधान नहीं हो सका है।

# शिक्षा सत्र शुरू लेकिन विद्यार्थियों को अब तक नहीं मिला नया स्कूल ड्रेस

- ड्रेस वितरण नहीं होने से व्यवस्था पर सवाल उठ रहे है

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

शिक्षा सत्र 2026-27 की शुरुआत हुए एक माह पूरा हो चुका है, लेकिन विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के कई स्कूलों में छात्र-छात्राओं को अब तक नया स्कूल ड्रेस उपलब्ध नहीं कराया गया है। इसके चलते अधिकांश विद्यार्थी पुराने ड्रेस पहनकर ही स्कूल आने को मजबूर हैं।

गौरतलब है कि नया शिक्षा सत्र 15 जून 2026 से प्रारंभ हुआ था। आज 15 जुलाई हो चुकी है, लेकिन स्कूलों में ड्रेस वितरण की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। इससे अभिभावकों और विद्यार्थियों में निराशा देखी जा रही है। कई विद्यार्थियों के पुराने ड्रेस छोटे हो चुके हैं या काफी पुराने हो गए हैं, फिर भी नए ड्रेस नहीं मिलने के कारण उन्हें उन्हीं कपड़ों में विद्यालय जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा विद्यार्थियों को समय पर ड्रेस उपलब्ध कराना शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यदि शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले ही ड्रेस उपलब्ध हो जाए, तो बच्चों को नए सत्र की शुरुआत में ही इसका लाभ मिल सकता है। लेकिन इस बार एक माह बीत जाने के बाद भी ड्रेस वितरण नहीं होने से व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

अभिभावकों का कहना है कि शिक्षा सत्र की शुरुआत से पहले ही ड्रेस, पाठ्यपुस्तक और अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था कर ली जानी चाहिए थी, ताकि बच्चों की पढ़ाई बिना किसी असुविधा के शुरू हो सके। हालांकि कई स्कूलों में पढ़ाई नियमित रूप से चल रही है, लेकिन ड्रेस वितरण में हुई देरी चर्चा का विषय बनी हुई है।

ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि विद्यार्थियों को शीघ्र नया स्कूल ड्रेस उपलब्ध कराया जाए। उनका कहना है कि ड्रेस वितरण में हुई देरी के कारण बच्चों और अभिभावकों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने यह भी सवाल उठाया है कि आखिर ड्रेस वितरण में इतना विलंब क्यों हुआ और इसके लिए जिम्मेदार कौन है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि समय पर ड्रेस उपलब्ध करा दी जाए तो विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ेगा और शासन की योजनाओं का लाभ भी उन्हें समय पर मिल सकेगा।

### प्रशिक्षकों के दस्तावेज सत्यापन की सूचना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पीएमश्री विद्यालयों में कुल 11 पदों पर अंशकालीन योग प्रशिक्षक एवं खेल शिक्षक, प्रशिक्षकों की सेवाएं लिए जाने के संबंध में प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण के उपरांत मेरिट सूची प्रकाशित किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले क्रमांक 01 से 11 तक के अभ्यर्थियों तथा उनके बाद प्राप्तांक के आधार पर चयनित 10 अतिरिक्त अभ्यर्थियों सहित कुल सरल क्रमांक 01 से 21 तक के अभ्यर्थियों के समस्त मूल दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। दस्तावेज सत्यापन का कार्य 23 जुलाई 2026 गुरुवार को प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, कबीरधाम में आयोजित किया जाएगा। संबंधित अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने सभी आवश्यक मूल दस्तावेजों के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।

**पंडरिया-मैनपुरा पेट्रोल पंप मार्ग दुर्घटना को दे रहा न्योता**

# डंप मटेरियल से आवागमन बाधित



हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

पंडरिया नगर में मैनपुरा से पेट्रोल पंप तक हाल ही में निर्मित सीसी रोड आम लोगों के लिए सुविधा बनने के बजाय परेशानी का कारण बनती जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क का निर्माण कार्य पूरा हुए 25 दिनों से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन सड़क के दोनों किनारों पर डाले जाने वाले मुरुम और अन्य निर्माण सामग्री अब तक सड़क पर ही डंप पड़ी हुई है। इसके कारण सड़क एक तरफ से संकरी हो गई है, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन इस मार्ग से बड़ी संख्या में दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहन गुजरते हैं। सड़क पर निर्माण सामग्री पड़े रहने से वाहन चालकों को एक-दूसरे को रास्ता देने में परेशानी होती है। कई बार अचानक सामने से वाहन आने पर दुर्घटना की स्थिति बन जाती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस लापरवाही के कारण आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं और लोगों में हमेशा दुर्घटना का भय बना रहता है। बारिश होने के बाद समस्या और गंभीर हो जाती है।

सड़क पर डंप मटेरियल पानी के साथ मिलकर कीचड़ में बदल जाता है, जिससे फिसलन बढ़ जाती है। दोपहिया वाहन चालक विशेष रूप से परेशान हैं और कई लोग फिसलकर चोटिल भी हो चुके हैं। पैदल चलने वाले लोगों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को भी इस मार्ग से गुजरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, तो सड़क किनारे की सामग्री को तुरंत समतल कर व्यवस्थित किया जाना चाहिए, ताकि सड़क पूरी चौड़ाई में उपयोग के लिए उपलब्ध हो सके। लोगों का आरोप है कि संबंधित विभाग की लापरवाही के कारण समस्या लंबे समय से बनी हुई है और अब तक इस ओर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि सड़क किनारे डंप निर्माण सामग्री को तत्काल हटाकर या समतल कर सड़क को पूरी तरह चालू किया जाए। साथ ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता और अधूरे कार्यों की भी जांच कर आवश्यक कार्रवाई कि जाएं।



खबर संक्षेप

## किसानो के लिए एग्री स्टेक पंजीयन अनिवार्य

**कवर्धा।** खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान विक्रय के लिए किसानों का एग्री स्टेक (किसान आईडी) पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है। जिन किसानों का एग्री स्टेक पोर्टल पर पंजीयन नहीं होगा, वे समर्थन मूल्य पर धान नहीं बेच सकेंगे। शासन के निर्देशानुसार अब केवल मुख्य खातेदार ही नहीं, बल्कि ऋण पुस्तिका में दर्ज सभी खातेदारों एवं सह-खातेदारों का एग्री स्टेक पंजीयन अनिवार्य होगा। जिला प्रशासन द्वारा किसानों को इस संबंध में व्यापक स्तर पर जागरूक किया जा रहा है और किसानो को इसकी किसानों को सूचना दी जा रही है।

# कांग्रेस नेता के बयान के विरोध में भाजपा ने निकाली मौन रैली

■ दुर्दांत नक्सली हिड़मा का महिमामंडन छत्तीसगढ़ के शहीदों का अपमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव द्वारा दुर्दान्त और खूंखार नक्सली कमाण्डर हिड़मा का महिमामण्डन किए जाने पर कड़ा प्रतिकार किया है।

उन्होंने इसे छत्तीसगढ़ की शांति, लोकतंत्र और बस्तर में शहादत देने वाले वीर जवानों व निर्दोष आदिवासियों का घोर अपमान बताया और कांग्रेस विधायक से इस शर्मनाक कृत्य के लिए जनता और शहीदों के परिवारों से बिना शर्त माफी की मांग की है। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यजनक और निंदनीय है कि कांग्रेस के एक जिम्मेदार विधायक उस नक्सली हिड़मा की तुलना महान विभूतियों से कर रहे हैं, जो झीरम घाटी हमले, ताड़मेटला और बीजापुर-सुकमा के अनगिनत नक्सली हमलों का मास्टरमाइण्ड रहा है।

हिड़मा ने छत्तीसगढ़ की धरती को हमारे वीर जवानों और निर्दोष आदिवासियों के खून से लाल किया है। ऐसे राष्ट्रविरोधी और नरभक्षी का महिमामण्डन करना कांग्रेस की विकृत और नक्सल-समर्थक सोच को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि आज जब भाजपा सरकार बस्तर में विकास पहुंचा रही है और नक्सलियों को बैकफुट पर धकेल रही है, तब कांग्रेस नेताओं की यह छटपटाहट और नक्सलियों के प्रति हमदर्दी शर्मनाक रूप से सामने आ रही है।




### कांग्रेस आलाकमान और प्रदेश नेतृत्व से सवाल

भाजपा ने कांग्रेस आलाकमान और प्रदेश नेतृत्व से सवाल किया है कि क्या वह अपने विधायक के इस देशविरोधी बयान से सहमत हैं? यदि नहीं, तो कांग्रेस ने अब तक अटल श्रीवास्तव पर कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों नहीं की? छत्तीसगढ़ की जनता नक्सलियों को मसीहा बताने वाले इस कृत्य को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। बस्तर के जिन परिवारों ने नक्सली हिंसा में अपनों को खोया है, कांग्रेस विधायक का यह बयान उनके जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। यदि अटल श्रीवास्तव अविलम्ब और बिना शर्त सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते हैं, तो भाजपा उनके इस कृत्य के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक उग्र प्रदर्शन करेगी।

**वारदात:** सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पांच हिरासत में, पुलिस जांच जारी

# दुकान में घुसकर दुकानदार से मारपीट व अपहरण का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर के पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में बुधवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक व्यापारी के साथ दुकान के भीतर मारपीट कर कथित रूप से उसका अपहरण किए जाने का मामला सामने आया। आरोप है कि कुछ लोग दुकान में घुसे, व्यापारी के साथ मारपीट की और उसे जबरन कार में बैठाकर ग्राम सैगोना स्थित एक फार्महाउस ले गए।

घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस सक्रिय हुई और मौके पर पहुंचकर व्यापारी को सकुशल मुक्त कराया। मामले की जांच जारी है। जानकारी के अनुसार पुराने बस स्टैंड स्थित दुकान में चंद्रशेखर चंद्रवंशी के साथ कथित रूप से मारपीट की गई। आरोप है कि इसके बाद उन्हें जबरन कार में बैठाकर ग्राम सैगोना के एक फार्महाउस ले जाया गया, जहां उनके साथ फिर मारपीट और दुर्व्यवहार किया गया।

दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि विष्णु चंद्रवंशी और शशिकांत चंद्रवंशी के बीच लंबे समय से पैसे के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था।

इसी विवाद के चलते विष्णु चंद्रवंशी अपने साथियों के साथ दुकान पहुंचा, जहां शशिकांत चंद्रवंशी के बड़े भाई चंद्रशेखर चंद्रवंशी के साथ मारपीट की गई। इसके बाद उन्हें कथित रूप से जबरन वाहन में बैठाकर फार्महाउस ले जाया गया। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सैगोना स्थित फार्महाउस पहुंचकर चंद्रशेखर चंद्रवंशी को आरोपियों के कब्जे से मुक्त कराया और उन्हें थाने लाया गया।

पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने विष्णु चंद्रवंशी सहित पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की गहन जांच कर रही है। देखना बाकी है कि पुलिस मामले का पूर्ण खुलासा कब तक करती है।




### सीसीटीवी फुटेज बना अहम साक्ष्य

दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना रिकॉर्ड होने की बात सामने आई है। फुटेज में आरोपियों की गतिविधियां कैद होने से पुलिस को जांच में महत्वपूर्ण सुराग मिलने की उम्मीद है। पुलिस फुटेज का तकनीकी परीक्षण कर आरोपियों की भूमिका और घटनाक्रम की पुष्टि करने में जुटी है।

### लेन-देन का विवाद बना घटना की वजह

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विष्णु चंद्रवंशी और शशिकांत चंद्रवंशी के बीच काफी समय से पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। पुलिस का मानना है कि इसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। हालांकि, पूरे घटनाक्रम और सभी पक्षों के बयान दर्ज करने के बाद ही मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# साढ़े तीन लाख लूटकर भाग रहे आरोपी को भीड़ ने दबोचा

■ पीड़ित की शिकायत के बाद कवर्धा कोतवाली पुलिस कर रही मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले की खस्ताहाल और चरमराई कानून व्यवस्था के बीच आसामाजिक, आपराधिक तथा चोर उच्चकों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि वे कब कहां किस वारदात को अंजाम दे दें इसका कोई ठिकाना नहीं है।

बुधवार को जिला मुख्यालय कवर्धा में दिनदहाड़े ऐसी दो वारदातें सामने आई है। जिसमें कुछ लोगों ने पैसों के लेनदेन को लेकर पुराना बस स्टैण्ड स्थित एक दुकान के संचालक का अपहरण कर उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया तो दूसरी घटना में दर्रीपारा स्थित भारतीय स्टेट बैंक के सामने एक युवक ने बुजुर्ग ग्रामीण से साढ़े तीन लाख रूपए की रकम लूटने का असफल प्रयास किया।



बताया जाता है कि रकम लूटकर भाग रहे आरोपी को लोगों ने दौंड़कर दबोच लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। इन दोनों घटनाओं के सामने आने के बाद जहां कवर्धा में हड़कंप मच गया वहीं एक बार फिर पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दर्रीपारा स्थित स्टेट बैंक के पास एक बुजुर्ग से 3 लाख 50 हजार रुपए लूटकर भाग रहे आरोपी युवक को स्थानीय लोगों ने साहस दिखाते हुए दौड़ाकर पकड़ा और उसकी जमकर पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले किया। बताया जाता है कि बुजुर्ग अपने निजी कार्य के लिए बैंक से 3.50 लाख रुपए निकालकर घर लौट रहे थे।

इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे आरोपी ने उनके हाथ से रुपयों से भरा बैग छीन लिया और फरार होने की कोशिश की। बुजुर्ग के शोर मचाते ही आसपास मौजूद लोगों ने आरोपी का पीछा किया और कुछ ही दूरी पर उसे दबोच लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले गई।

फिलहाल पुलिस आरोपी से कड़ी पूछताछ कर रही है तथा यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वारदात में कोई अन्य साथी भी शामिल था या नहीं।

# बोड़ला एनएच-30 के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव



हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

बोड़ला थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-30 पर बुधवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

बंजारी मंदिर से आगे नायक ढाबा के समीप सड़क किनारे शव पड़े होने की सूचना मिलते ही बोड़ला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को अपने कब्जे में लिया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है तथा पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक के कपड़ों के कॉलर पर भिलाई के एक टेलर का नाम अंकित मिला है। पुलिस इसी आधार पर मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है।

इसके अलावा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा संबंधित थानों को भी सूचना भेजी जा रही है, ताकि मृतक की पहचान सुनिश्चित की जा सके। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक तौर पर मृत्यु के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी सामने आएगी। फिलहाल मामले के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच जारी है।

# उपचार के बहाने मानसिक रूप से अस्वस्थ युवती से दुष्कर्म, आरोपी पुलिस गिरफ्त में

■ स.लोहारा पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी पेशे से आयुर्वेदिक चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ⏭ स.लोहारा

स. लोहारा पुलिस ने पीड़ित पिता की रिपोर्ट पर कार्यवाही करते हुए उसकी मानसिक रूप से अस्वस्थ बेटी के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 97/2026 धारा 64(1)बीएनएस कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

इस संबंध में स. लोहारा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गत 14 जुलाई को पीड़ित पिता ने लिखित आवेदन पेश किया कि 14 जुलाई को सुबह करीबन 09.30 बजे से 12.20 बजे के मध्य बिडोरा स्थित आयुर्वेदिक चिकित्सक बालक दास चंदेल पिता भगवानी चंदेल आयु 35 साल निवासी ढोढमानवापारा द्वारा उसकी मानसिक रूप से अस्वस्थ बेटी के साथ ईलाज करने के बहाने जबरदस्ती बलात्कार किया है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना स. लोहारा में अपराध क्रमांक 97/2026 धारा 64(1)बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया है।



प्रकरण में विवेचना के दौरान विधिवत वैधानिक कार्यवाही करते हुए आरोपी बालक दास चंदेल पिता भगवानी चंदेल आयु 35 साल निवासी ढोढमानवापारा को 15 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय कवर्धा पेश किया गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक मनीष मिश्रा, महिला थाना प्रभारी शालिनी वर्मा एवं उसकी टीम, उप निरीक्षक राजेश्वर सिंह ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक संदीप चौबे, बलदाउ भट्ट, आरक्षक रवि जायसवाल, तुशांत साहू, बिसेन छेदावी का विशेष योगदान रहा।

# पाण्डातराई क्षेत्र के किसान अज्ञात केबल चोरों से परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

जिले के पाण्डातराई थाना क्षेत्र के ग्रामीण कृषक इन दिनो अज्ञात विद्युत केबल चोरों के आतंक से त्रस्त है। बताया जा रहा है कि अज्ञात केबल चोर मौका पाते ही खेतों में ट्यूबेल के लिए लगाए गए केबल तारों पर हाथ साफ कर न सिर्फ किसानो के लिए समस्या खड़ी कर रहे है बल्कि उन्हें आर्थिक नुकसान भी पहुंचा रहे हैं। ऐसा एक मामला पाण्डातराई थाना क्षेत्र के ग्राम भरेली से सामने आया है। इस संबंध में कृषक डॉ. व्यासनारायण चन्द्रवंशी, विनोद चन्द्रवंशी सहित अन्य किसानो ने बताया कि उनके द्वारा अपने ट्यूबेल के लिए विद्युत कनेक्शन लिया गया है।



उन्होने बताया कि विद्युत कनेक्शन का लगभग 9 पोल का केबल तार गत 12 जुलाई की रात के लगभग 11-12 बजे अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। किसानो ने बताया कि जब वे 13 जुलाई की सुबह ट्यूबेल चालू करने पहुंचे तो केबल गायब था। पीड़ित किसानो ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी तथा पाण्डातराई पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

धर्म नगरी कवर्धा में भव्य रथयात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में

# जगत के नाथ महाप्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

धर्मनगरी कवर्धा में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आषाढ़ शुक्ल द्वितीया, गुरुवार 16 जुलाई को भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई श्री बलभद्र एवं बहन देवी सुभद्रा की भव्य रथयात्रा श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ निकाली जाएगी। श्री जगन्नाथ रथयात्रा आयोजन समिति द्वारा रथ निर्माण, साज-सज्जा, सुरक्षा एवं समस्त व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्य विकाश केशरी ने बताया की रथयात्रा से पूर्व भगवान श्री जगन्नाथ, श्री बलभद्र एवं माता सुभद्रा के विग्रहों का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजन कर उन्हें सुसज्जित रथ पर विराजमान कराया जाएगा। इसके पश्चात महाप्रभु नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान करेंगे और शहर के प्रमुख मार्गों से होकर हजारों श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। सचिन श्रीवास्तव ने बताया की इसी पावन तिथि पर भगवान श्री जगन्नाथ अपने भाई श्री बलभद्र एवं बहन देवी सुभद्रा के साथ भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकलते हैं। यह तिथि सनातन परंपरा में अत्यंत शुभ और पुण्यदायी मानी गई है। रथयात्रा का सबसे महत्वपूर्ण अनुष्ठान छेरा पहरा है, जिसमें भगवान के रथ के समक्ष झाड़ू लगाकर सेवा की जाती है। यह संदेश देता है कि भगवान के सामने राजा और सामान्य व्यक्ति सभी समान हैं तथा सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।



### विग्रह दर्शन का महत्व

मान्यता है कि जो भक्त रथ पर विराजमान भगवान श्री जगन्नाथ, श्री बलभद्र एवं माता सुभद्रा के दर्शन करते हैं, उन्हें विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है तथा भगवान की कृपा उनके जीवन पर बनी रहती है। विकाश केशरी ने बताया की धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान के रथ की रस्सी खींचने से अनेक जन्मों के पापों का क्षय होता है तथा जीवन में सुख, समृद्धि और मंगल का आगमन होता है।

रथयात्रा के दौरान भगवान श्री जगन्नाथ, श्री बलभद्र एवं माता सुभद्रा अपने मौसी मां के घर (गुंडिचा मंदिर) जाते हैं। यह यात्रा भगवान के भक्तों के बीच आने तथा अपने मौसी के घर विश्राम करने की दिव्य परंपरा का प्रतीक है। भगवान वहां सात दिन तक विराजमान रहते हैं। इस वर्ष महाप्रभू जगन्नाथ जी की सेवा का सौभाग्य आशीष दुबे परिवार को प्राप्त हुआ है, भगवान का मौसी के घर विश्राम करने की परम्परा इस वर्ष उनके ही निवास मे पूरी होंगी।

# अभ्यास और स्वाध्याय से विद्यार्थी छू सकते हैं सफलता का शिखर: आदित्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय हाई स्कूल छिरहा में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और मार्गदर्शन के लिए एक विशेष प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक आदित्य श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी कार्य में निरंतर अभ्यास ही व्यक्ति को परफेक्ट बनाता है।

अभ्यास एक ऐसा माध्यम है जिसके बल पर किसी भी क्षेत्र में महारत हासिल किया जा सकता है। यहां तक कि एक विद्यार्थी अपने कड़े अभ्यास से कठिन से कठिन विषय को भी बेहद सरल और सुगम बना सकता है। उन्होंने बोर्ड परीक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन के लिए दसवीं की कक्षा सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव होता है, क्योंकि यहीं से भविष्य के सुनहरे कैरियर का मार्ग प्रशस्त होता है।

अपने प्रेरक उद्बोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को झिझक छोड़कर प्रश्न पूछने की आदत डालने की सलाह देते हुए स्पष्ट किया कि मन में उठने वाले सवालों को पूछकर ही कठिनाइयों का वास्तविक समाधान पाया जा सकता है और प्रश्न पूछने से कोई भी व्यक्ति छोटा नहीं होता। कोई भी विषय अपने आप में कठिन नहीं होता, बल्कि हमारी सोंच ही उसे कठिन या सरल बनाता है। इसलिए विद्यार्थियों को नियमित रूप से स्वाध्याय अर्थात सेल्फ स्टडी की आदत विकसित करना चाहिए।

जो लोग अपने क्षेत्र में एक्सपर्ट हैं, उन्हें भी हमेशा नया सीखते रहना चाहिए क्योंकि सीखने की कोई उम्र नहीं होता। शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को अपने घरेलू व्यवसाय और कार्यों को भी जरूर सीखना चाहिए, जो भविष्य में उनकी अतिरिक्त योग्यता के रूप में काम आएगा। उन्होंने बच्चों में अपने काम स्वयं करने की आदत डालने पर विशेष बल दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना पश्चात शाला परिवार द्वारा अतिथि के आत्मीय स्वागत से किया गया।